Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to provide relief measures to the farmers of Maharashtra whose crops are damaged due to heavy rainfall.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): सभापति महोदय, आपने अति महत्वूर्ण मुद्दे पर मुझे बोलने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं । महाराष्ट्र में काफी मात्रा में अतिवृष्टि होने के कारण, पूरे महाराष्ट्र को अगर किसानों की तरफ से देखा जाए, तो पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है । काफी मात्रा में वहां फसल खराब हुई है और बहुत बड़ी मात्रा में किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है । मेरे दिन्डोरी क्षेत्र में रिकार्ड 157 परसेंट बारिश हो चुकी है और पूरी नासिक जिला उसके लपेटे में है, जिसमें अंगूर, प्याज, अनार, बाजरा और मक्का है, जिससे किसान एक बड़े संकट में आ चुका है । पिछले पांच सालों से हमारी सरकार ने वहां पर किसानों की तरफ अच्छे से ध्यान देकर मदद दी है । लेकिन अभी तक वहां पर हमारी सरकार नहीं बन पाई है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार की ओर से जल्द से जल्द महाराष्ट्र के किसानों को मदद मिले ।

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही पन्द्रह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

14.00 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fifteen of the Clock.

15.00 hrs

The Lok Sabha reassembled at Fifteen of the Clock.

(Shrimati Meenakashi Lekhi *in the Chair*)

माननीय सभापति: नियम 377 के अधीन मामले ।

श्री धर्मवीर सिंह जी ।